हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास

हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे, तेरा दास रे
ओ मेरे बाबा हनुमान रे .....हनुमत तुझको पुकारे......

हमको तो दे दे हनुमत, अब तो सहारे॥
झूठे इस जग में बाबा, हम सब से हारे॥
आ के दया का हाथ तू मेरे, सिर पे रख हनुमान रे
हनुमत तुझको पुकारे......

हम तो शरण में बजरंग, आये तुम्हारे॥
तू ही बता दे अब हम, किसको पुकारे॥
थाम ले अब तो हाथ तू मेरा, डूब कहीं न जाये रे
हनुमत तुझको पुकारे......

कहता "मनु" के तेरे, दर पे जो आता॥
भर के मुरादों वाली, झोली ले जाता॥
अंजनी प्यारे राम दुलारे, रखियो सबकी लाज रे

हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे तेरा दास रे
ओ मेरे बाबा, हनुमान रे हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे
ओ मेरे बाबा।।।

भजन रचना:-
मनोज कुमार ठठेरा "मनु"
झुंझुनू (राज.)
मो. 9828039423

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2629/title/hanumat-tujhko-pukare-tera-daas

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |